

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**राजभवन, पटना–800022**

*संख्या–61/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राज्यपाल ने बिहार विभूति डॉ० अनुग्रह नारायण सिंह की जयन्ती के अवसर पर उन्हें नमन किया

**पटना, 18 जून, 2025** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने बिहार विभूति डॉ० अनुग्रह नारायण सिंह की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में बिहार विधान मंडल, पटना के परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, बिहार विधान परिषद् के माननीय सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री नन्द किशोर यादव, कई मंत्रीगण तथा गणमान्य लोगों ने भी डॉ० अनुग्रह नारायण सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की प्रस्तुति भी हुई।

..............................................